सुभाष चंद्र बोस जयंती पर लॉयन क्लब स्मारिका 'दृष्टि' का लोकार्पण

नेताजी के इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत कराना जरूरी : आशा चौधरी

नई दिल्ली, २३ जनवरी २०१२।

लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा ने अपनी १८वीं चार्टर नाइट नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित करते हुए उनकी जन्म जयंती मनाई एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित की। सेवा और परोपकार के कार्यों में जुटी लायंस क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति आजाद भारत में सरकारों द्वारा उपेक्षित एवं नकारात्मक रवैये को अशोभनीय बताया। मालवीय भवन में आयोजित इस विशेष प्रकार के आयोजन में पूरे सदन ने नेताजी के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए उन आदर्शों पर चलने के लिए संकल्प किए। इस समारोह की विशिष्ट अतिथि आजाद हिन्द फौज की सेनानी रही सुविख्यात स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती आशा चौधरी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ बिताये संस्मरणों को व्यक्त करते हुए कहा कि आज आवश्यकता है हमारी शक्ति का उपयोग देशहित में हो। नेताजी ने भारत को आजाद कराने में जो त्याग और बलिदान किया, उस प्रेरक इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत कराना जरूरी है। स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी की भूमिका को देखते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट करना देश की जनता का परम कर्तव्य है। स्वतंत्रता संग्राम के इस महान क्रांतिकारी से जुड़े अध्यायों को अनदेखा करना अफसोसजनक है। नेताजी के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी रही श्रीमती आशा चौधरी का लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें प्रतीक के रूप में गुलदस्ता एवं उपहार प्रदत्त किया।

इस समारोह के अध्यक्ष ३२१ ए १ के जनपदपाल लॉयन श्री टी॰ एस॰ अरोड़ा ने कहा कि लॉयनिज्म का प्रमुख उद्देश्य है पीड़ित मानवता की सेवा। भातृत्व भावना, नेतृत्व विकास के साथ-साथ इसके संस्थापक मेल्विन जोन्स ने सेवा का जो नारा दिया वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना से हुआ। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता लॉयन श्री एम॰ डी॰ कांठेड़ ने करते हुए क्लब की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और इस वर्ष के क्लब के स्लोगन 'परोपकार के लिए जीवन' के बारे में बताया। समारोह के चेयरमैन लॉयन श्री ओ॰ पी॰ बाहेती ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए क्लब के १८ वर्ष के इतिहास को पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया। क्लब के सचिव लॉयन श्री ललित गर्ग ने क्लब के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे विविध सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि जनकल्याणकारी एवं सेवामूलक गतिविधियों के अन्तर्गत इस वर्ष कुछ महत्वपूर्ण आयाम इस क्लब के साथ जुड़े हैं। जिनमें क्लब का स्थायी प्रोजेक्ट के रूप में कम्प्यूटर लिटरेसी सेन्टर आदि मुख्य हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि ने लॉयन बी॰ पी॰ बसंल व लॉयन ललित गर्ग द्वारा संपादित क्लब की स्मारिका 'दृष्टि' का विमोचन किया। पूर्व जनपदपाल लॉयन रामनिवास लखोटिया ने अपने मुख्य वक्तव्य लॉयनिज्म की चर्चा करते हुए कहा वह समाज स्वस्थ और संतुलित है जिसमें संवेदना, परोपकार और जनसेवा के लिए साधन-संपन्न लोग तत्पर रहते हैं। क्लब के संस्थापक-अध्यक्ष श्री के॰ डी॰ बाहेती ने सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, सहयोग और सामंजस्य की भावना विकसित करने को स्वस्थ सामाजिकता का लक्षण बताया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब स्वस्थ और आदर्श समाज की स्थापना के लिए कृत संकल्प है।

क्लब की इस १८वीं चार्टर नाइट पर सभी संस्थापक सदस्यों, पूर्वाध्यक्षों, पूर्व जनपदपालों का सम्मान किया गया। समारोह को प्रथम उपजनपदपाल लॉयन बी॰ बी॰ खरबन्दा, पूर्व उपजनपदपाल लॉयन वी॰ एस॰ कुकरेजा, टैक्स गुरु लॉयन सुभाष लखोटिया, लॉयन जी॰ पी॰ बंसल, पूर्व अध्यक्ष लॉयन सुनीता बंसल, लॉयन एन॰ एम॰ अग्रवाल, लॉयन डॉ॰ चंचल पाल, लॉयन श्री संजय अग्रवाल, लॉयन श्री सुनील अग्रवाल आदि ने भी सम्बोधित किया। अंत में कोषाध्यक्ष लॉयन महेश बंसल ने आभार ज्ञापित किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष लॉयन डी॰ डी॰ अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर लॉयन श्री डी॰ डी॰ बाहेती के निर्देशन में गणतंत्र दिवस एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती के संदर्भ में एक राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

समारोह में जनपदपाल लॉयन टी॰ एस॰ अरोड़ा ने क्लब के पदाधिकारियों को फ्लैग प्रदत्त कर सम्मानित किया।

प्रेषक :

(ललित गर्ग)

ए-५६/ए, प्रथम तल, लाजपत नगर-२, नई दिल्ली-११००२४

दिल्ली-९२, फोनः ४१७२०७७८, ९८११०५११३३

फोटो :

(१) लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा की स्मारिका 'दृष्टि' का विमोचन करते हुए लायंस जिला के जनपदपाल लॉयन टी॰ एस॰ अरोड़ा, साथ में हैं स्मारिका के संपादक लॉयन श्री ललित गर्ग, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन श्री के॰ डी॰ बाहेती, समारोह के अध्यक्ष लॉयन एम॰ डी॰ कांठेड़, लॉयन श्री रामनिवास लखोटिया, लॉयन श्री सुभाष लखोटिया, लॉयन श्री बी॰ पी॰ बंसल।

(२) लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा अपने १८वें स्थापना दिवस समारोह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सहयोगी एवं स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती आशा चौधरी का सम्मान करते हुए लॉयन श्री टी॰ एस॰ अरोड़ा, लॉयन श्री रामनिवास लखोटिया, लॉयन श्री एम॰ डी॰ कांठेड़, लॉयन श्री डी॰ डी॰ अग्रवाल, लॉयन श्री ललित गर्ग एवं लॉयन श्रीमती सुनीता बंसल।